## सार-समाचार

### सीयूईटी 2025 में कृषि विज्ञान वर्ग में केशवानन्द सिरमोर

**सीकर** (निसं)। एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर के 155 छात्रों का केन्द्रीय विश्वविद्यालय हेतु प्रवेश परीक्षा में चयन होकर केशवानन्द एग्रीकल्चर एकेडमी का परचम बरकरार रखा है। प्राचार्य महोदय ने जानकारी देते हुए बताया की यह विद्यार्थी सम्पूर्ण वर्षभर 12वीं की तैयारी के साथ-साथ एग्रीकल्चर फाउण्डेशन का कोर्स भी कर रहे थे। 12वीं कक्षा के साथ ही इन विद्यार्थीयों ने केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालयों में अपना स्थान निश्चित किया। संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका ने सीयूईटी परिणाम को देखते हुये बताया की संस्थान के हर दुसरें विद्यार्थी का सम्भावित चयन राजकीय कृषि महाविद्यालयों में होने की सम्भावना जतायी। इस क्रम में संस्थान के प्रतिष्ठा ने 573, सिद्धार्थ स्वामी ने 560, अंकित गोदारा ने 543, दिनेश कुमार 541 के साथ आर्यन, खुशी शर्मा, आरती धाकड, प्रियांशी, कुशल गोदारा, अंकित नेहरा, योगिता, लविना शर्मा, आलिया खान, दिनेश कडवासरा, राजा बैरवाल, अनुज चौधरी आदि ने 12वीं कृषि विज्ञान वर्ग में टॉप करने के साथ ही सीयूईटी - 2025 के परिणाम में केशवानन्द का परचम लहराया। प्रतिष्ठा, सिद्धार्थ, दिनेश व अंकित को सर्वश्रेष्ठ 10 कृषि महाविद्यालयों में प्रवेश मिलने की सम्भावना बनी है। इस अवसर पर संस्थान निदेशक ने चयनित छात्रों को बधाई प्रेषित की।

### जन्मदिवस धूमधाम से मनाया

**बीदासर** (निसं)। कस्बे के सीकर नोखा मार्ग स्थित श्री शिवकृष्ण गौशाला समिति बीदासर में शुक्रवार की देर शाम दानदाता मूलसिंह की धर्मपत्नी संतोष कंवर ने अपने पड़पोतियों रिद्धि-सिद्धि का जन्मदिवस गौशाला प्रांगण में गौ सेवा कर धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर संतोष कंवर एवं उनके परिवारजनों ने गायों को गुड, लापसी खिलाई और गौ पूजन किया। इस अवसर पर संतोष कंवर ने कहा गौ सेवा कर जन्मदिवस मनाना हमारे समाज की प्राचीन परंपरा का हिस्सा रहा है और सभी को ऐसे ही अपना जन्मदिवस मनाना चाहिए। इस अवसर पर हैदराबाद प्रवासी गौभक्त भामाशाह श्रवण सिंह राजपुरोहित एवं उनके सुपुत्र नंदु सिंह राजपुरोहित ने गौशाला में 1 लाख 51 हजार की लागत से स्टोर कक्ष का निर्माण करवाने की घोषणा कर अपना सहयोग प्रदान किया। गौशाला अध्यक्ष राजकुमार राठी ने संतोष कंवर एवं उनके परिवार का आभार व्यक्त कर उनके सहयोग हेतु साधुवाद दिया। इस अवसर पर गौभक्त दिलीप सिंह राजपुरोहित, गिरधारी राजपुरोहित, देवीसिंह राजपुरोहित, पशु चिकित्सक रिंकू प्रजापत, गौशाला के कैलाश, सहीराम, ठाकर सहित अनेक गौभक्त मौजूद रहे।

### शिविर में गांववासी लाभान्वित

**रतनगढ़** (निसं)। मांगीलाल शर्मा गोरीसर के निवासी हैं जिन्हें वर्षों से मकान पर लोन प्राप्त नहीं हो रहा था। जिन्होंने पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर में बीडीओ जगदीश प्रसाद व्यास के समक्ष अपनी समस्या को रखा इसके पश्चात विकास अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी रोहित शर्मा ने समस्त के दस्तावेजों की जांच कर उन्हें स्वामित्व योजना के तहत मकान का प्रॉपर्टी पार्सल दिया। जिससे उन्हें मकान पर लोन प्राप्त करने में सुविधा होगी, मांगीलाल शर्मा मूल रूप से किसान है, अपनी आजीविका चलाने के लिए दुकान खोलना चाहते हैं स्वामित्व योजना के तहत मिले पार्सल से उन्हें लोन प्राप्त करने में आसानी होगी अतः अब व अपनी दुकान खोल सकेंगे। वह इस योजना से अत्यंत प्रसन्न हैं व राजस्थान सरकार व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अत्यंत आभार प्रकट कर रहे हैं।

### बैठक में अनेक विषयों पर चर्चा

**रतनगढ़** (निसं)। खांडल विप्र सेवा संस्थान श्री मंगल दत्त विद्यालय रतनगढ़ की नव कार्यकारिणी की प्रथम बैठक मंगल भवन में शनिवार को संस्थान अध्यक्ष बद्री प्रसाद बंसिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष बंसिया के द्वारा नव कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। बैठक में सदस्यों द्वारा संस्थान के सदस्य बनाने, संस्थान की खाली पड़ी जमीनों पर निर्माण कार्य करवाने, महिला संगठन बनाने सहित अनेक विषयो पर विस्तार से चर्चा की गई। योगाचार्य पवन जोशी, हरिप्रसाद मंगलहारा, राजीव मंगलहारा, रामअवतार सेवदा ने चर्चा में भाग लेते हुए अनेक सुझाव दिए। संस्थान अध्यक्ष बंसिया ने सौहार्दपूर्ण हुई बैठक में उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए समाज के उत्थान में मिलकर कार्य करने का आव्हान किया। इस अवसर पर मंत्री पवन माटोलिया, बुद्धमल माटोलिया, हीरालाल नौहाल, सुरेश चोटिया, रमाकांत रूंथला, श्रीमती कृष्णा माटोलिया, राजेश जोशी और मीडिया प्रभारी नारायण पीपलवा सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

### गौशाला में दवाईयां प्रदान की

**रतनगढ़** (निसं)। कस्बे की प्रमुख सेवा संस्थान देवकिशन स्मृति सेवा समिति द्वारा आज बीकानेर हाईवे पर स्थित श्री मां करणी गौशाला, ग्राम पायली को दुर्घटनाग्रस्त व घायल गौवंश के उपचार हेतु 30000/- रूपयों की जरुरी दवाईयां व सर्जीकल सामग्री प्रदान की गयी। गौशाला समिति के अध्यक्ष सुपेन्द्र सिंह राठौड़ ने सदस्यों का स्वागत व अभिनन्दन करते हुए कहा कि समिति द्वारा आवश्यक दवाएं निरन्तर उपलब्ध करवाने से दूर - दूर से घायल गौवंश को गौशाला लाकर उनका उपचार करने में उल्लेखनीय सहयोग मिल रहा है। उन्होंने समिति के सुमित अजीतसरिया द्वारा एक पिक अप चारा प्रत्येक माह भिजवाने के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ संरक्षक इन्द्रराज खींचड़,सीताराम दाधीच, विश्वनाथ सोनी , सीताराम जांगिड, नरोतम लाल सोनी,रणजीत सिंह चौधरी,अनूप जोशी,रामरतन प्रजापत व गौशाला समिति के डॉ प्रेम प्रकाश, सुपेन्द्र सिंह,सरवण सिंह, अजय सिंह, करणसिंह उपस्थित थे।

### चिकित्सक का रिक्त पद भरा

**बीदासर** (निसं)। राजकीय गोवर्धन प्रसाद टांटिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीदासर में गत कई माह से रिक्त चल रहे महिला चिकित्सक के पद पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आदेश जारी कर महिला चिकित्सक पद पर डाक्टर रीना चाहर गायनोलॉजिस्ट को लगाया है। महिला चिकित्सक का पद भर जाने से उपखंड क्षेत्र की महिलाओं को राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि गत छः माह से सीएचसी में महिला चिकित्सक न हो के कारण क्षेत्र की महिलाओं को सुजानगढ़ या बीकानेर जाकर इलाज करवाना पड़ता था। जिससे समय व धन की बरबादी होती थी। वही सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना गर्भवती महिलाओं को उठाना पड़ रहा था। क्योंकि महिला चिकित्सक के अभाव में सीएचसी में प्रसव कम हो रहे थे। सीएचसी में महिला चिकित्सक लगाने पर महिलाओं ने खुशी जाहिर की है।

### गौवंश को गुड़ खिलाया

**बीदासर** (निसं)। सुजानगढ़ विधानसभा प्रत्याशी बीदासर पंचायत समिति प्रधान संतोष मेघवाल के जन्मदिवस पर शनिवार को बीदासर में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी के नेतृत्व में बीदासर की श्री गणेश गौशाला में गौ वंश को गुड खिलाया गया एवं श्री जसनाथ मंदिर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में गौशाला संचालक संजयानंद, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनिवास माली, पूर्व चेयरमैन हुकमीचंद गुसाईवाल, पार्षद सांवरमल सैन, नंदलाल टेलर, हेमंत नाथ सिद्ध, मंडल महामंत्री सुभाष तेजस्वी, मंडल उपाध्यक्ष कमल माली, एसी मोर्चा अध्यक्ष मघराज, भाजपा नेता दानमल बांठिया, बाबुलाल बैंगाणी, हुकमचंद सिंघी, गुलाम रसूल बल्खि, परमानन्द तेजस्वी, मणिराम गर्ग, भागीरथ चैहान, बूथ अध्यक्ष शिव रतन दर्जी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ट्रेन शुरू करने की मांग की

**रतनगढ़** (निसं)। नंदकिशोर भार्गव ने उत्तर-पश्चिमी रेलवे जयपुर के महाप्रबंधक को शुक्रवार को ज्ञापन प्रेषित कर सरदारशहर से जयपुर वाया रतनगढ़, चूरू, फतेहपुर पीओडी स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन शुरू करने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि सरदारशहर व आसपास के क्षेत्र के लोगों को आवागमन की गंभीर समस्याओं का सामना करना पड रहा है। क्योंकि वर्तमान में इस क्षेत्र से जयपुर के लिए कोई भी नियमित अथवा सीधी रेल सेवा उपलब्ध नहीं है। रतनगढ़ जैसे प्रमुख रेलवे स्टेशन से भी जयपुर के लिए कोई नियमित ट्रेन नहीं चल रही है। इस स्थिति के कारण सभी वर्गों के लोगों को बस सेवाओं पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे समय व धन की हानि होती है।

### गर्मी व उमस से परेशान

**बीदासर** (निसं)। कस्बे में गत एक पखवाड़े से क्षेत्र में पर्याप्त बरसात न होने के कारण गर्मी व उमस बनी हुई है। उमस के चलते पंखे व कूलर भी बेअसर हो रहे हैं। मानसून की क्षेत्र में जमकर बरसात न होने से उमस से क्षेत्र के लोगों का हाल बेहाल है। शुक्रवार की देर शाम पांच मिनट हल्की बरसात हुई। जिससे उमस और बढ़ गई।

# गोगामेड़ी परिसर में प्रतिदिन सैकड़ों लोग स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं : सहारण

■ विधायक सहारण व डीईओ महर्षि ने गोगामेड़ी में पौधारोपण किया

**चूरू** (निसं)। प्राचीन गोगामेड़ी परिसर में शनिवार को विधायक हरलाल सहारण व जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक संतोष महर्षि के मुख्य आतिथ्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सहारण ने कहा कि महेंद्र चौबे व उनकी टीम ने गोगामेडी परिसर में वृक्षारोपण कर एक मनोरम वातावरण तैयार किया है। यहां आकर मन को एक सकून की अनुभूति होती है और यहां आने वाला प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ जीवन का आंनद लेता है। इनकी वर्षों की लग्न और मेहनत का ही परिणाम है कि इतना मनोरम दृश्य यहां देखने को मिलता है। समाज व देश को इस प्रकार के सेवाभावी व्यक्तित्व की आवश्यकता है। गौरतलब है कि गत 9 वर्षों से गोगामेड़ी परिसर व मेला ग्राउंड में लगातार वृक्षारोपण कर उनकी देखभाल के कारण चारों ओर हरियाली देखकर हर किसी की आत्मा तृप्त होती है। ऑक्सीजन का एक विशाल भंडार यहां तैयार किया गया है। इस सुरम्य वातावरण में प्रातः भ्रमण के लिए अनेकों लोग आते हैं। इसी क्रम में षनिवार को इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए गोगामेडी परिसर में लगभग डेढ़ सौ पौधें और लगाए गये। इस अवसर पर महेंद्र चौबे, रामावतार लोहिया, संतोष चांगल, योगेश एडवोकेट, संदीप पाटिल, अनिल दिक्षित, विमल सारस्वत, यूनुस खोकर, डॉ. इदरीश, भंवरलाल सैनी, विश्वनाथ शर्मा राजगुरू, संजय जैन, श्रवण कुमार दर्जी, नित्यानंद कुदाल, रामगोपाल शर्मा, पंकज, किसन सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



प्राचीन गोगामेड़ी परिसर में विधायक हरलाल सहारण व जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक संतोष महर्षि के मुख्य आतिथ्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# नगर पालिका में कानून राज स्थापित करवाने की मांग

■ राजस्थान सरकार के विभिन्न अधिकारियों को प्रार्थना पत्र लिखा

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष लाभचंद सोनी ने शनिवार को ई-मेल के माध्यम से सरकार के विभिन्न अधिकारी मुख्य सचिव सुधांशु पंत, स्वायत शासन विभाग के प्रमुख सचिव, संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा, निदेशक एवं सयुक्त सचिव स्वायत्त शासन विभाग जयपुर, उपनिदेशक क्षेत्रीय स्वायत शासन शासन विभाग बीकानेर, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अर्पिता सोनी, सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम गोदारा, रतनगढ़ एसडीएम रामकुमार वर्मा, तहसीलदार जितेंद्र सिंह , थाना प्रभारी कमलेश सैनी को प्रार्थना पत्र के रूप में लिखकर अवगत कराया कि राजलदेसर नगर पालिका में लंबे समय से भ्रष्टाचार हो रहा है जो निरतंर आज तक चालू है।

जनवरी माह 2025 में बिना कोई काम किए फर्जी कोटेशन द्वारा करीब 10 करोड़ रूपों का भुगतान उठाया गया है। अवैध रूप से निर्माण स्वीकृतियां जारी होकर अनेक अवैध निर्माण हो रहे हैं अवैध निर्माण के संबंध में उच्च न्यायालय जोधपुर के निर्देशों की भी थज्जियां उड़ाई जा रही है, निर्देशों के बाद अवैध निर्माण जोरो से पूरे करवाये जा रहा है। नगरपालिका की मिली भगत से फर्जी पट्टे बनाकर लोगों की जमीनों को हडपने के लिए भू-माफिया लोग दिनभर नगर पालिका में बैठे रहकर नगर पालिका की पत्रावलियों को अवैध रूप से खंगाल रहें है, केईओ से असली मालिको को वर्षों पुराने पट्टे खारिज करवाने के नोटिस दिलवाकर बडी रकम वसूल करने के लिए ब्लैकरमेल कर रहे हैं।

नगर पालिका के उपरोक्त गलत कामों की शिकायतें होने,धरना प्रदर्शन होने से जांच कमेठियां गठित है, लेकिन जांच कमेटीयां भ्रष्टाचार के विरुद्ध जांच को आगे बढ़ाने के बजाय भष्ट लोगों को भ्रष्टाचार करने के लिए मौन सहमति दे रखी है।

ईओ द्वारा नगर पालिका बैठक 17 मई की निर्वाचित पार्षदों की भावनाओं को आहत करते हुए पुरी की पूरी प्रोसिडिंग गलत नोट की गई है जिसकी शिकायतों के बाद भी कुछ नहीं हुआ। उन्होंने पालिका में कानून का राज स्थापित करवाने की बात कहा।

# सुरक्षित सड़क मार्ग के तहत नर्सिंगकर्मियों को प्रशिक्षण दिया

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं में सुसमा (सुरक्षित सड़क मार्ग) अभियान के तहत नर्सिंग विद्यार्थियों का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू ने बताया कि दिन-प्रतिदिन बढ़ती ट्रॉमा रोगियों की संख्या अत्यंत ही चिंताजनक है।

सरकार द्वारा ट्रॉमा पीडितों को अस्पताल पहुंचाने वाले आमजन को "भले-आदमी" की उपाधि प्रदान की जाती है एवं 10 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि खाते में प्रदान की जा रही है। "राहवीर" योजनान्तर्गत घायलों की मददगार साबित होने वाले आमजन को 25 हजार की प्रोत्साहन राशि का प्रावधान है। ताकि अधिकाधिक ट्रॉमा पीड़ितों को उपचार के प्रथम "स्वर्ण घंटे" के दौरान अस्पताल पहुंचाया जा सके। बीडीके अस्पताल में प्रतिदिन 8-10 ट्रॉमा पीड़ित रोगी जिलेभर से आते हैं।

ट्रॉमा देशभर में विभिन्न बीमारियों से होने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में से एक है। ट्रॉमा मानव जनित कारणों से होने के कारण आमजन में जागरूकता बढ़ाकर केसेस में कमी लाई जा सकती हैं। पीडब्लूयूडी के गुणवत्ता नियंत्रण ईकाई की अधिशासी अभियंता केशर जाटव ने सुसमा अभियान के बारे में बताया कि 30 जून से 15 सितंबर अभियंता दिवस तक अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत महिला संगठनों को सड़क सुरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान करना, महाविद्यालयों एवं एनसीसी, प्राध्यापकों को प्रशिक्षण, विद्यालयों में प्रशिक्षण एवं महिलाओं को हेलमेट वितरण एवं आदर्श सड़क मार्ग विकसित करने के कार्यक्रम समयबद्ध रूप से किए जाएंगे।

सहायक अभियंता मितिक्षा एवं सहायक अभियंता राविता पूनियां ने सुसमा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आमजन को सड़क पर लगाए हुए संकेतक की जानकारी होने पर दुर्घटनाओं में कमीं लायी जा सकती है। राविता पूनियां ने प्रत्येक संकेतक के रंग, संकेतक का अर्थ, संकेतक का महत्व, संकेतक की दुर्घटना में कमीं लाने की उपयोगिता के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया।

प्रशिक्षण के उपरांत सभी विद्यार्थियों की प्रश्नोत्तरी परीक्षा भी आयोजित की गई। नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा आमजन को जागरूक करने करने का संकल्प लिया गया।

नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता भी की गई। पोस्टर के माध्यम से आमजन को सुसमा अर्थात सुरक्षित सड़क मार्ग के बारे में प्रदर्शित किया गया है। जिसका पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू, अधिशासी अभियंता केशर जाटव, आरएमओ डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, डॉ. विजय झाझड़िया, डॉ. नावेद, आबिदा खान, राविता पूनियां ने अवलोकन किया एवं प्रशिक्षु नर्सिंग विद्यार्थियों के संदेश की सराहना की गई।

# संबल पखवाड़ा शिविर में ग्रामीणों का जनसैलाब उमड़ा

**सीकर** (निसं)। सीकर जिले के श्रीमाधोपुर उपखंड में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत शुक्रवार को उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोटड़ी सिमारला, जोरावरनगर, हथौरा और टटेरा में शिविरों का आयोजन किया गया।

इन शिविरों में ग्रामीणों में सरकारी योजनाओं में पंजीयन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। दिनभर चले इन शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। उपखंड अधिकारी अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविरों में कुल 18 विभागों की ओर से सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। राजस्व विभाग ने 81 नामांतरण, 33 सीमाज्ञान, 17 पत्थरगढी, 25 रास्तों के प्रकरण तथा 20 आपसी सहमति से बंटवारे जैसे मामलों का निस्तारण किया।

पंचायत राज विभाग के 1136, जलदाय विभाग के 26, कृषि विभाग के 72, रसद विभाग के 129, चिकित्सा विभाग के 713, पशुपालन विभाग के 474, शिक्षा विभाग के 66, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 49, एवीवीएनएल के 70, वन विभाग के 3435 और बाल विकास परियोजना विभाग के 58 प्रकरणों का समाधान किया गया। शिविरों का निरीक्षण अतिरिक्त जिला कलेक्टर नीमकाथाना भागीरथ साख ने किया और व्यवस्थाओं की सराहना की। इस अवसर पर शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी अनिल कुमार, तहसीलदार जगदीश प्रसाद बैरवा, विकास अधिकारी श्रीमाधोपुर सुनील कुमार, अजीतगढ़ की विकास अधिकारी सुनीता कुमावत, पंचायत समिति के प्रधान, संबंधित सरपंच एवं ब्लॉक स्तरीय विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

पंचायत कोटडी सिमारला में आयोजित "अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर" के दौरान ग्राम कोटडी से सिमारला होते हुए थोई रोड तक के लगभग 3 किमी लंबे विवादित रास्ते को मोक पर जाकर प्रशासन ने समझाइश के साथ रास्ता साफ कर दिया। यह रास्ता विगत 100 वर्षों से प्रचलन में था, लेकिन राज्य सरकार के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं होने से विकास कार्य अटके हुए थे। ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाई हो रही थी। शिविर के दौरान इस रास्ते को प्रचलित घोषित कर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया गया, जिससे करीब 1000 लोगों को लाभ मिलेगा।

## 101 पौधे लगाकर अभियान का समापन

**झुंझुनूं,** (निसं)। पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए गए पौधारोपण अभियान का रविवार को शाम पांच बजे 101 पौधे लगाकर बीबानी धाम बालाजी मंदिर गौशाला रोड पर स्थित बालाजी मंदिर परिसर में होगा। पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष व पूर्व पार्षद राकेश सहल ने बताया कि पौधारोपण अभियान की शुरुआत बुधवार को बीबाणी मुक्तिधाम में पत्नी के साथ बड़ और पीपल के पेड के साथ की। जिसके तहत मनसा देवी, गणेश मंदिर, पुरोहित की बगीची, शुक्ला की बगीची, गोगाणा जोहडा के पास स्थित हरिकिशन शुक्ला जी की बगीची, भिंड वाले बालाजी मंदिर में बड़ी संख्या में पौधारोपण किया। सप्त ऋषि महामंडल के सदस्यों द्वारा हर रोज 50 से 60 पेड़ लगाए गए। जिसमें हरिकिशन शुक्ला, विकास पुरोहित, अनिल जोशी, चंद्रप्रकाश जोशी, बबलू जोशी आदि का विशेष योगदान रहा।

# ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**झुंझुनूं,** (निसं)। विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान व ब्राह्मण समाज के समस्त संगठनों के संयोजन में आज रविवार को गाडिया टाउन हाल में ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 होगा। विप्र फाउंडेशन एवं कार्यक्रम संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया कि छह जुलाई को आयोजित होने वाले ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह 2024-25 को लेकर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। स्थानीय मोदी रोड स्थित गाडिया टाऊन हॉल में सुबह 11 बजे शुरू होने वाले ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह में 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा सीबीएसई या राजस्थान बोर्ड में 90 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 325 ब्राह्मण समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को विप्र फाउंडेशन के सौजन्य से व आगंतुक अतिथियों के कर कमलों द्वारा होगा। जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया ने बताया कि समारोह में विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा गुरुजी, प्रदेश संगठन महामंत्री सतीश शर्मा के अलावा पूर्व राजनयिक दिल्ली राजीव शर्मा, पूर्व वरिष्ठ आईपीएस हरिप्रसाद शर्मा, सीनियर आईपीएस योगेश दाधीच, सीनियर आरएएस जगदीश प्रसाद गौड उपस्थित रहेंगे।

# 'शोध का विषय ऐसा चुने कि अंतिम पंक्ति में बैठे विद्यार्थी का भी शैक्षिक विकास हो सके'

**चूरू** (निसं)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में शनिवार को जिला शैक्षिक अनुसंधान फॉर्म व डर्फ सलाहकार मंडल की प्रथम बैठक का आयोजन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं डाइट प्राचार्य डॉ. गोविन्द सिंह राठौड की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुये राठौड ने कहा कि शोध का विषय ऐसा होना चाहिये, जिससे अंतिम पंक्ति में बैठे बच्चें का शैक्षिक उत्थान हो सके। आई.एफ.आई.सी. प्रभाग अध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी शेखावत ने बताया कि डाइट के गत वर्षों के शोध को राज्य स्तर पर सराहना मिली है। डॉ. श्याम सुन्दर कौशिक ने बताया कि शोध का विषय ऐसा होना चाहिए, जो धरातल पर परिणाम दे सके। संदर्भ व्यक्ति जगबीर पूनिया ने क्रियात्मक शोध के लिये प्रारूप को डिजिटल बोर्ड पर प्रस्तुत किया। आई.एफ.आई.सी. प्रभारी भीष्म सारण ने गुणात्मक शोध के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य जगदीश प्रजापत ने शोध के लिये स्कूली शिक्षा के विषय पर जानकारी दी। संभागी सुशील निर्वाण ने शोध के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कुसुम शेखावत, उमा सारस्वत व ओम प्रकाश कस्वां ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन संदर्भ व्यक्ति सचिन ढांडा ने किया।




डाइट में जिला शैक्षिक अनुसंधान फॉर्म व डर्फ सलाहकार मंडल की प्रथम बैठक आयोजित हुई।

## सार-समाचार

### राजबाला ने अमेरिका में गोल्ड मैडल जीता

**सुलताना,** (निसं)। निकटवर्ती केहरपुरा खुर्द गांव की बहू और जयपुर कमिश्नरेट में कार्यरत कांस्टेबल राजबाला ने अमेरिका के बर्मिंघम में आयोजित वर्ल्ड पुलिस फायर गेम्स में भारत का नाम रोशन किया है। राजबाला ने हाथ कुश्ती प्रतियोगिता में बाएं हाथ से गोल्ड मैडल और दाएं हाथ से सिल्वर मैडल जीतकर देश के साथ-साथ प्रदेश और जिले का नाम भी ऊंचा किया है। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 27 जून से छह जुलाई तक अमेरिका के बर्मिंघम शहर में आयोजित की जा रही है। जिसमें 71 देशों के पुलिसकर्मी हिस्सा ले रहे हैं। ऐसे में राजबाला की यह उपलब्धि न केवल खेल के क्षेत्र में अहम मानी जा रही है। बल्कि महिला सशक्तिकरण का भी उदाहरण बनी है। राजबाला की जीत की खबर मिलते ही उनके पैतृक गांव केहरपुरा खुर्द में जश्न का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। राजबाला के ससुराल और मायके पक्ष के लोग भी गौरव से गदगद नजर आए। जयपुर कमिश्नरेट में कांस्टेबल पद पर तैनात राजबाला ने अपनी जीत को नारी शक्ति की विजय बताते हुए कहा कि मेरे इस पदक से यह साबित होता है कि महिला पुलिसकर्मी भी किसी से कम नहीं हैं। मैं यह जीत भारत और राजस्थान की समर्पित महिला शक्ति को समर्पित करती हूं। विभागीय अधिकारियों ने भी राजबाला को इस सफलता पर बधाई दी है और भविष्य में और भी ऊंचाइयों तक पहुंचने की शुभकामनाएं दी हैं।

### अध्यापिका अंजू सिंह का इंडियन टैलेंट ओलंपियाड में चयन

**सादुलपुर,** (निसं)। आशा देवी इंटरनेशनल स्कूल की शिक्षिका अंजू सिंह को इंडियन टैलेंट ओलंपियाड द्वारा बेस्ट टीचर अवॉर्ड से सम्मानित किया जायेगा। इस उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संरक्षिका आशा देवी पूनिया, विद्यालय निदेशक डॉ. कौशल पूनिया एवं प्राचार्य विनोद कुमार द्वारा अंजू सिंह को माला पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संरक्षिका आशा देवी पूनिया ने बताया कि अंजू सिंह को आगामी 09 नवंबर 2025 को मुंबई में आयोजित होने वाले टैलेंट ओलंपियाड सम्मान समारोह में राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट टीचर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि देश की प्रसिद्ध समाजसेविका किरण बेदी एवं अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाडी सानिया नेहवाल होंगी। विद्यालय परिवार ने अंजू सिंह की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया

**सीकर,** (निसं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने शुक्रवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रैवासा और बाजौर का निरीक्षण किया। रैवासा पीएचसी में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के तहत नेशनल एसेसमेंट के लिए आई टीम के साथ उन्होंने पीएचसी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही बाजौर पीएचसी में नव प्रसूता से कलेवा योजना के तहत खाने के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संस्थाओं में स्टॉफ की उपस्थिति, दवाइयों की उपलब्धता, जांच योजना के तहत की जा रही जांचों की स्थिति, उपकरणों रखरखाव, साफ सफाई आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही प्रसव, टीकाकरण, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, एनसीडी सर्वे, स्क्रीनिंग, फॉलोअप, परिवार कल्याण आदि कार्यक्रमों में लक्ष्य के अनुसार प्रगति अर्जित करने के निर्देश दिए।

### मेले का उद्घाटन किया

**तारानगर** (निसं)। तारानगर के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने शुक्रवार देर शाम को तारानगर के माँ जालपा देवी महाविद्यालय के सामने सात्युँ सर्किल पर स्थित मारवाड हैंडीक्राफ्ट एवं उद्योग मेला का रिबन काटकर उद्धघाटन किया। जांगिड ने कहा मेले में बच्चों के मनोरंजन के साधन के साथ साथ एक ही जगह सारी घरेलू काम में ली जाने वाली वस्तुएं मिलेगी। मेले के संचालक अरुण कुमार सभी आगंतुक लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मोके पर उनके साथ सेवानिवर्त पुलिस निरीक्षक श्याम सिँह शेखावत, वीर बहादुर सिंह राठौड, पार्षद शिव कुमार सैनी, माणक सैनी, अलबेला खान, जुल्फेकार हिसारिया, इलियास बिसायती सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचन**
(साधारण प्रारुप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता
पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
जयपुर जिला, जयपुर।
**आशीष अग्रवाल** बनाम **दीपक गोयल व अन्**
**वाद/प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा**
**प्रार्थना-पत्र संख्या 27 सन् 2025**

नाम **श्री मुकेश कुमार मीणा** पुत्र मुरारी लाल मीण निवासी फ्लैट नंबर 201 जगमोहन गोल्डन फोर्च्यू अपार्टमेंट बापू नगर जयपुर राजस्थान **अन्य पत** वार्ड नं0 17, सूरजगढ़ रोड़ पिलानी, तहसील चिड़ावा, जिला झुंझुनु, राजस्थान-333031 **एवं** ना **श्रीमती सुमन मीणा** पत्नी श्री मुकेश कुमार मीण निवासी फ्लैट नंबर 201 जगमोहन गोल्डन फोर्च्यू अपार्टमेंट बापू नगर जयपुर, राजस्थान **अन्य पत** बालाजी मन्दिर के पास, सूरजगढ़ रोड़, पिलान जिला झुंझुनु, राजस्थान-333031
उक्त **प्रार्थियों** ने इस न्यायालय में यह आवेदन किय है कि **नकल संलग्न** है।
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उ आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए वि 07 माह 07 सन् 2025 को 10.00 पूर्वान्ह में स्वयं य अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदे किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा कर में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई औ उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज ता. 04 माह 07 सन् 2025 को मे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर द गई।
आज्ञा
मुद्रा **वरिष्ठ मुंसरिम जिला न्यायाल**
जयपुर जिला, जयपु

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**
**न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयपुर जिला, जयपुर**
**आशीष अग्रवाल बनाम दीपक गोयल व अन्य**
वाद बाबत - विशिष्ठ अनुपालना व स्थाई निषेधाज्ञा
वाद संख्या - 32 सन् 2025
बनाम **श्रीमती सुमन मीणा** पत्नी श्री मुकेश कुमार मीणा निवासी फ्लैट नंबर 201 जगमाहेन गोल्डन फोर्च्यून अपार्टमेंट बापू नगर जयपुर, राजस्थान **अन्य पता** बालाजी मन्दिर के पास, सूरजगढ़ रोड़, पिलानी, जिला झुंझुनु, राजस्थान-333031
**श्री मुकेश कुमार मीणा** पुत्र मुरारी लाल मीणा निवासी फ्लैट नंबर 201 जगमाहेन गोल्डन फोर्च्यून अपार्टमेंट बापू नगर जयपुर, राजस्थान **अन्य पता** वार्ड नं. 17, सूरजगढ़ रोड़, पिलानी, तहसील चिडावा, जिला झुंझुनु, राजस्थान-333031
उक्त **वादी** ने आपके विरुद्ध **नकल संलग्न है** के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में **तारीख 07 माह 07 सन् 2025** को दिन में **10:00 AM बजे** दावे उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद **ता. 04 माह 07 सन् 2025** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
आज्ञा से
वरिष्ठ मुंसरिम
मुद्रा जिला न्यायालय जयपुर जिला, जयपुर